**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक : उ०वि०शि०प०/यू०टी०ई०टी० 2026–विज्ञप्ति 06/ 339-40 /2026–27 दिनांक 24,सितम्बर 2026

**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET- I &II) 2026**

**श्रुतलेखक हेतु आवश्यक सूचना**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल की विज्ञप्ति उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0–2026–विज्ञप्ति–04/142–43/2026–27 दिनांक 27 अगस्त 2026 के द्वारा **दिनांक 29 सितम्बर 2026 को प्रस्तावित उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–2026 हेतु** जिन दिव्यांगजन अभ्यर्थियों ने अपने ऑनलाइन आवेदन में श्रुतलेखक का दावा किया गया है, को सूचित किया गया था कि वे परिषद् की वेबसाइट www.ukutet.com में अपलोड सूचना विवरणिका के **परिशिष्ट–5(I)** की प्रति, श्रुतलेखक से संबंधित **परिशिष्ट–5(II)** की प्रति, **परिशिष्ट–छः** की प्रति, श्रुतलेखक की **उच्चतम शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र** की सत्यापित प्रति (**श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता स्नातक प्रथम वर्ष से अधिक अथवा इण्टरमीडिएट स्तर से न्यून नहीं होनी चाहिए, अर्थात श्रुतलेखक, शैक्षिक सत्र 2025–26 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण हुआ हो या स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हो या शैक्षिक सत्र 2026–27 में कक्षा 12 में अध्ययनरत हो**) एवं **श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो,** दिनांक 14 सितम्बर 2026 तक अपने पंजीकृत ई मेल आई डी के माध्यम से परिषद् की ई–मेल आई डी secyutet@gmail.com पर अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। परन्तु अधिकांश दिव्यांगजन अभ्यर्थियों द्वारा अद्यतन श्रुतलेखक सम्बन्धी अपना दावा परिषद् को प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः ऐसे दिव्यांगजन अभ्यर्थी जिनके द्वारा श्रुतलेखक सम्बन्धी प्रत्यावेदन परिषद् स्तर पर प्रस्तुत नहीं किया गया है, को सूचित किया जाता है कि यदि वे श्रुतलेखक की सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं तो वह **दिनांक 27 व 28 सितम्बर 2026 को कार्यालय समय में अपने आवंटित परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर श्रुतलेखक से सम्बन्धित उक्तवत प्रपत्रों सहित अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है।**

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर, नैनीताल।